झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

प्रथम सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र सेट-4

कक्षा-10	विषय- हिंदी 'बी'	समय – 1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक-40

सामान्य निर्देश:-

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है ।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित हैं ।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए ।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे ।**

खंड 'क' (अपठित बोध)

निर्देश:- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1-5 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें।

"भारतमेंगुरु-शिष्यसम्बन्धकावहभव्यरूपआजसाधुओं,पहलवानोंऔरसंगतकारोंमेंहीथोड़ा-बहुतहीसहीपायाजाताहै।भगवानरामकृष्णबरसोंयोग्यशिष्यकोपानेकेलिएप्रार्थनाकरतेरहे।उनकेजैसेव्यक्तिकोभीउत्तमशिष्यकेलिएरो-रोकरप्रार्थनाकरनीपड़ीथी।इसीसेसमझाजासकताहैकिएकगुरुकेलिएउत्तमशिष्यकितनामँहगाऔरमहत्वपूर्णहै।संतानहीनरहनाउन्हेंदुःखनहींदेतापरबगैरशिष्यकेरहनेकेलिएवेएकदमतैयारनहींहोते।इससम्बन्धमेंभगवानईसाकाएककथनसदास्मरणीयहै।उन्होंनेकहाथा-"मेरेअनुयायीलोगमुझसेकहींअधिकमहानहैंऔरउनकीजूतियाँहोनेकीयोग्यताभीमुझमेंनहींहै।यहीबातहै,गाँधीजीबननेकीक्षमताजिनमेंहैंउन्हेंगाँधीजीअच्छेलगतेहैंऔरवेहीउनकेपीछेचलतेभीहैं।विवेकानंदकीरचनासिर्फउन्हेंपसंदआएगीजिनमेंविवेकानंदबननेकीअद्भुतशक्तिनिहितहै।"

01. भारतमेंगुरु-शिष्यसंबंधआजकलकिनलोगोंमेंपायाजाताहै?

A. साधुओंमें B. पहलवानोंमें C. संगतकारोंमें D. उपर्युक्तसभीमें

02. ईसामसीहअपनेशिष्योंकोक्यामानतेथे?

A. नादान B. अबोध C. विनम्र D. महान

03. विवेकानंदकोकौनलोगपसंदकरतेहैं?

A. उनकेप्रियजन B. उनकेदेशवासी C. उनकेजैसेशक्तिवालेD. सभीलोग

04. इसगद्यांशकाउपयुक्तशीर्षकचुनिए-

A. अयोग्य शिक्षक B. साधु और पहलवान

C. गुरुकीमहत्वाकांक्षा D. गुरु-शिष्यसंबंध

O5. 'उत्तम' का विलोम शब्द क्या है?

A. अत्योत्तम B. उत्कृष्ट C. अधम D. उन्मुख

निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 6-10 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

गतिप्रबलपैरोंमेंभरी

फिरक्योंरहूँदर-दरखड़ा।

जबआजमेरेसामने-

है,रास्ताइतनापड़ा।

जबतकनमंज़िलपासकूँ, तबतकमुझेनविरामहै।

चलनाहमाराकामहै, राहीहमारानामहै।।

इसविशदविश्व-प्रवाहमें, किसकोनहींबहनापड़ा!

सुख-दुखहमारीहीतरह, किसकोनहींसहनापड़ा।

फिरव्यर्थक्योंकहताफिरूँ, मुझपरविधातावामहै।

चलनाहमाराकामहै, राहीहमारानामहै।।

मैंपूर्णताकीखोजमें,

दर-दरभटकताहीरहा।

परक्योंनिराशाहैमुझे, जीवनइसीकानामहै।

राहीहमारानामहै, चलनाहमाराकामहै।

06. कविकेपासऐसाक्याहै,जिससेउसकेलिएरास्तेपरआगेबढ़नाआवश्यकहोगयाहै ?

A. उसकालक्ष्यअभीउसेनहींमिलाहै B. उसकेपैरोंमेंप्रबलगतिभरीहै

C. वह विश्व प्रवाह में बह रहा है D. उसका नाम राही है, अतः उसे चलना है

07. कवि कब तक विश्राम नहीं लेना चाहता ?

A. जब तक उसे मंज़िल न मिल जाए B. जब तक विश्व का प्रवाह रुक न जाए

C. जब तक विधाता उस पर वाम न हो D. जब तक उसे निराशा न हो

08. 'मुझपर विधाता वाम है' कवि को ऐसा कहना व्यर्थ क्यों लगता है ?

A. विधाता सभी पर वाम रहता है B. कोई भी मंज़िल प्राप्त नहीं कर पाता

C. उसके पैरों में गति है D. सभी को सुख-दुख सहन करना पड़ता है

09. कवि क्या पाने के लिए भटक रहा है ?

A. सुख B. विश्व C. प्रवाहपूर्णता D. गति

10. 'विराम' से तात्पर्य है-

A. रुकना B. शांति C. आराम D. निराशा

खंड-ख (व्याकरण)

11. 'स्वागत' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

A. सं B. सम C. सु D. स्व

12. 'बाँसुरी' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

A. बाँस B. री C. सूरी D. उरी

13. निम्न में से कौन-सा शब्द स्वर संधि का उदाहरण है?

A. अधोगति B. उच्चारण C. दिग्गज D. मन्यंतर

14. 'अन्वय' का सही संधि विच्छेद क्या है?

A. अनु+अय B. अनू+आय C. अनू+अय D. अनु+आय

15. संधि के कितने भेद हैं?

A. एक B. दो C. तीन D. चार

16. तताँरा दिनभर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र किनारे टहलने निकल पड़ा। रेखांकित पदबंध का भेद है-

A. क्रिया-विशेषण पदबंध B. विशेषण पदबंध

C. क्रिया पदबंध D. संज्ञा पदबंध

17. 'मुख्य' का विलोम शब्द क्या है?

A. विमुख B. प्रतिमुख C. गौण D. सामान्य

18. दिए गए शब्दों में भिन्न अर्थ वाला शब्द कौन सा है?

A. उषा B. दिन C. प्रभात D. सवेरा

खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रशन संख्या 19-23 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

"क्षुधात रंतिदेव ने दिया करस्थ थाल भी,
तथा दधीचि ने दिया परार्थ अस्थिजाल भी.
उशीनर क्षितीश ने स्वमांस दान भी किया,
सहर्ष वीर कर्ण ने शरीर चर्म भी दिया।
अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे?
वही मनुष्य है जो कि मनुष्य के लिए मरे।"

19. यह पद्यांश किस कविता से लिया गया है?

A. साखी B. मनुष्यता C. पर्वत प्रदेश में पावस D. दोहा

20. इन पंक्तियों में किन पौराणिक चरित्रों का उल्लेख हुआ है?

A. रजा रंतिदेव B. कर्ण एवं दधीचि C. उशीनर नरेश D. उपर्युक्त सभी

21. कवि ने देह को अनित्य क्यों कहा है?

A. क्योंकि यह देह नश्वर है B. क्योंकि जीव मृत्यु से नहीं डरता

C. क्योंकि देह शाश्वत है D. क्योंकि जन्म के बाद मृत्यु निश्चित नहीं है

22. कौन व्यक्ति कभी नहीं मरता?

A. जो महान होता है B. जो धनवान होता है

C. जो शिक्षित समाज से जुड़ा है D. जो दूसरों के लिए जीता है

23. समाज के लिए दधीचि ने क्या त्याग किया था?

A. अपना राजपाठ B. अपना सुख-वैभव

C. अपने शरीर की हड्डियों का दान D. अपने परिवार का त्याग

निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।

24. 'उठ रहा धुँआ जल गया ताल' कवि ने ऐसा क्यों कहा?

A. क्योंकि पानी में आग लग गई थी ।

B. अंधेरे के कारण ऐसा लग रहा था ।

C. झरनों का पानी ताल में गिरने से उत्पन्न कोहरा धुँए के समान लग रहा था ।

D. गर्म पानी के कारण ऐसा लग रहा था ।

25. पर्वत अपना आकार कहाँ देख रहे हैं?

A. दर्पण में B. नदी में C. समुद्र में D. ताल में

26. वृक्ष किसकी ओर देख रहे हैं?

A. ताल B. आकाश C. पर्वत D. झरना

27. 'सहस्र दृग सुमन' से क्या आशय है?

A. हजारों पुष्प B. हजारों पुष्प रुपी आँखें

C. हजारों आँखें D. हजारों आँख रूपी पुष्प

28. कबीर की साखी के अनुसार निंदक का क्या कार्य है?

A. बिना किसी कार्य के किसी भी व्यक्ति की बुराई करना।

B. किसी के पास जाकर अपनी और दूसरों की निंदा करने लगना।

C. दूसरों के स्वभाव को शुद्ध और पवित्र करना।

D. सभी से शत्रुता का भाव रखना

29. 'जग मुवा' का क्या तात्पर्य है?

A. ज्ञान मिल गया B. संसार के लोग मर गए

C. जग मर गया D. जग परेशान हो गया

30. कबीर ने अपने घर को किसके लिए जलाया?

A. ईश्वर को पाने के लिए B. ईश्वर से बचने के लिए

C. नया घर बनाने के लिए D. परेशानी से बचने के लिए

31. कबीर की साखी में 'मृग' को किसका प्रतीक बताया गया है?

A. ईश्वर भक्त का B. अज्ञानी जीव का

C. शिक्षित व्यक्ति का D. अशिक्षित व्यक्ति का

निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 32-36 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।

सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लाल बाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया। कुछ देर बाद ही स्त्रियाँ जुलूस बनाकर वहाँ से चलीं। साथ में बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई। बीच में पुलिस कुछ ठंडी पड़ी थी, उसने फिर डंडे चलाने शुरू कर दिए। अबकी बार भीड़ ज्यादा होने के कारण बहुत आदमी घायल हुए। धर्मतल्ले में मोड़ के पास आकर जुलूस टूट गया और करीब 50-60 स्त्रियाँ वहीं मोड़ पर बैठ गईं। पुलिस ने उनको पकड़कर लाल बाज़ार भेज दिया। स्त्रियों का एक भाग आगे बढ़ा जिसका नेतृत्व विमल प्रतिभा कर रही थीं। उनको बहू बाज़ार के मोड़ पर रोका गया और वे वहीं मोड़ पर बैठ गईं। आस-पास बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई जिसपर पुलिस बीच-बीच में लाठी चलाती थी।

32. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

A. बड़े भाई साहब B. डायरी का एक पन्ना

C. तताँरा-वामीरो कथा D. तीसरी कसम के शिल्पकार

33. सुभाष बाबू को पकड़कर कहाँ ले जाया गया?

A. लाल बाज़ार लॉकअप B. जुलूस में

C. धर्मतल्ला मोड़ पर D. बहू बाज़ार मोड़ पर

34. निम्नलिखित कथनों में गलत कथन का चयन कीजिए-

A. पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया

B. स्त्रियों का एक दल विमल प्रतिभा के नेतृत्व में आगे बढा

C. स्त्रियाँ इकट्ठा होकर बहू बाज़ार मोड़ पर बैठ गई

D. पुलिस भीड़ को देखकर पीछे हट गई

35. धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया?

A. पुलिस की लाठियों के कारण B. भीड़ के कारण

C. आपसी विवाद के कारण D. स्त्रियों की प्रधानता के कारण

36. स्त्रियों के एक भाग का नेतृत्व कौन कर रही थीं?

A. विमल B. प्रतिभा C. विमल प्रतिभा D. सुभाष बाबू

निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए ।

37. बड़े भाई साहब किस कला में निपुण थे?

A. उपदेश कला B. संगीत कला C. चित्र कला D. शिल्प कला

38. लेखक के सिर पर किसकी नंगी तलवार लटकती रहती थी?

A. बड़े भाई के डांट की B. पढाई के भार की

C. आनेवाली परीक्षा की D. पिताजी के उपदेश के

39. बड़े भाई साहब के लेखक को अपनी लघुता का अनुभव कब हुआ?

A. जब उनके बड़े भाई ने उनको कनकौए उड़ाते पकडे जाने पर उपदेश दिया

B. जब बड़े भाई खुद कनकौए उड़ा रहे थे

C. जब उनके भाई ने उनको थप्पड़ मारा

D. जब लेखक के मन में कुटिल भावना उत्पन्न हुई

40. ‘लोहे के चने चबाना’ मुहावरे का क्या अर्थ है?

A. दांत मज़बूत होना

B. अहंकारी होना

C. लोहे का कार्य करना

D. कठोर परिश्रम करना

*****